प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा के सीएमडी ने आईआईएफसीएल रणनीति बैठक में आईपीओ की सफलता की गाथा साझा की

गुरूग्राम, 16 मार्च 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज गुरुग्राम में इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) की कॉर्पोरेट रणनीति बैठक में अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित लीडर्स भारत के बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण परिदृश्य के भविष्य पर चर्चा करने और रणनीति बनाने के लिए एक साथ आए थे।

अपने संबोधन में, श्री प्रदीप कुमार दास ने इरेडा की हाल ही में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश(आईपीओ) की सफलता की गाथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने इरेडा की उपलब्धि के पिल्लरों पर जोर दिया, जोकि लगातार सुशासन, मजबूत व्यावसायिक बुनियादी सिद्धांतों और अधिक पारदर्शिता और सहयोग की दिशा में सांस्कृतिक परिवर्तन के इर्द-गिर्द संचालित हैं। ऋणकर्ताओं को प्रगति में भागीदार के रूप में मानने के महत्व को पहचानते हुए, इरेडा ने सक्रिय रूप से उनसे इनपुट और सुझाव मांगे हैं, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के सबसे तीव्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।

कंपनी के अंतर्गत सबसे मूल्यवान परिसंपत्ति के रूप में मानव संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, सीएमडी ने अत्यधिक प्रेरित कार्यबल को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इरेडा टीम के अनुकरणीय प्रयासों पर प्रकाश डाला और आईपीओ की शानदार सफलता हासिल करने में उनके अटूट समर्पण, नवोन्मेषी भावना और सामूहिक प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

इरेडा की आईपीओ यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों पर विचार करते हुए, श्री प्रदीप कुमार दास ने बताया कि विशेष रूप से आईपीओ के लिए अपने पिछले दो असफल प्रयासों को देखते हुए, कैसे इरेडा ने बाधाओं से पार कर पाया । पिछले तीन वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन

और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, इरेडा ने निवेशकों की धारणाओं को सफलतापूर्वक बदल दिया, जिससे एक सफल आईपीओ का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस अनुभव से प्रेरणा लेते हुए, श्री प्रदीप कुमार दास ने आईआईएफसीएल को महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की और एक सफलतापूर्वक आईपीओ यात्रा के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव, डॉ. विवेक जोशी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने श्रोताओं के साथ अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और हरित ऊर्जा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इरेडा के सीएमडी की प्रशंसा की।

इससे पहले, आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक, श्री पी. आर. जयशंकर ने इरेडा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए इरेडा के सीएमडी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने न केवल एक सफल आईपीओ हासिल करने के लिए ही नहीं, बल्कि भारत सरकार के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप पिछले 37 वर्षों से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपने दृढ़ नेतृत्व के लिए भी इरेडा की मील का पत्थर की उपलब्धि प्राप्त करने की सराहना की।

इरेडा के सीएमडी ने भी श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर दिए, जिससे बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के लिए और नवीकरणीय ऊर्जा विकास पर बातचीत और समृद्ध हुई। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य, श्री कमलेश चंद्र वार्ष्णेय भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और श्रोताओं को संबोधित किया।